

अभी भी 6-7 साल का क्रिकेट बाकी

तीन महीने पहले जब भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर थी तब भी कोच शास्त्री ने कहा था कि यदि कोहली लगातार प्रदर्शन करते रहना चाहते हैं तो उन्हें ब्रेक लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा था कि इंग्लैंड दौरे के बाद या पहले उन्हें दो महीने का ब्रेक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें ब्रेक लेना चाहिए क्योंकि उनके अंदर अभी भी 6–7 साल का क्रिकेट बाकी है। आप उन्हें थके हुए दिमाग के साथ खोना नहीं चाहते हैं। इससे पहले एक इंटरव्यू के दौरान उनके पुराने साथी और आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने भी उनकी बल्लेबाजी पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी और कहा था कि जल्द ही उनके बल्ले से रन निकलेंगे।

## विराट कोहली के खराब प्रदर्शन पर कोच शास्त्री की सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 15वां सीजन आरसीबी के पूर्व कप्तान के लिए खास नहीं घट रहा है। लखनऊ के खिलाफ एक बार फिर से उनके बल्ले से रन नहीं निकले और पहली गेंद पर दुश्मंथा चमीरा ने उन्हें आउट कर दिया। भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने उनके लगातार इस तरह के प्रदर्शन पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस सीजन में एक बार उनके बल्ले से 40 से ऊपर रन निकले हैं। रवि शास्त्री ने कहा है कि कोहली मानसिक रुप से थक चुके हैं और उन्हें ब्रेक लेने की जरुरत है। वे लगातार लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं। उनके बल्ले से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 2 साल से अधिक का वक्त हो गया सेंचुरी निकले। आखिरी बार नवंबर 2019 में उन्होंने शतकीय पारी थी। इस आईपीएल में उनकी बल्लेबाजी की बात करें तो 7 मैचों में उन्होंने 19.83 की औसत से केवल 119 रन बनाए हैं जो कोहली जैसे से बल्लेबाजों से अपेक्षा नहीं की जाती है। शास्त्री का मानना है कि कोहली को स्थिति का आकलन करने और यह तय करने के लिए कुछ समय के लिए क्रिकेट से दूर रहने की जरुरत है।

# वर्ल्डकप के लिए इन प्लेयर्स को टीम इंडिया में मिल सकता है मौका

क्रिकेट

## दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी पेश की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इस समय आईपीएल में पूरे जोर–शोर से चल रहा है। आईपीएल में कई युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। वहीं, कई पुराने खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी पेश की है।

**उमरान नहीं तूफान है:** सनराइजर्स हैदराबाद के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पारी का आखिरी ओवर से सबका ध्यान खींचा है। उमरान ने आखिरी ओवर मेडन डालने के साथ ही तीन विकेट झटके थे। जम्मू–कश्मीर का यह तेज गेंदबाज अपनी घातक और लगातार 150 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक की बॉलिंग स्पीड के कारण पर साउथ अफ्रीका दौरे के लिए सेलेक्टर्स की नजरों में है।



**फिनिशर के रोल में दिनेश कार्तिक** दिनेश कार्तिक इस आईपीएल में बेहतरीन फिनिशर के रूप में उभरे हैं। कार्तिक के बारे में दिग्गज सुनील गावस्कर का कहना है कि टी–20 वर्ल्डकप में फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। दिनेश खुद भी टीम इंडिया में वापसी की इच्छा जता चुके हैं।

**चहल ने हैट्रिक से दिखाया दम** युजवेंद्र चहल ने इस आईपीएल से अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा है। कोलकाता के खिलाफ हैट्रिक के बाद से चहल की खूब तारीफ हो रही है। वह इस सीजन में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने हैं। अपने दमदार प्रदर्शन उन्होंने सेलेक्टर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।

**टी. नटराजन के एक्शन में बदलाव से बढ़ी स्पीड:** टी. नटराजन ने इस आईपीएल में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। घुटने की चोट से उबरने के बाद नटराजन ने 6 मैचों में 17.33 की एवरेज से अब तक 12 विकेट झटके हैं। 37 रन देकर तीन विकेट उनका बेस्ट परफॉर्मेंस है। इंजरी से उबरने के बाद उन्होंने अपने एक्शन में हल्का बदलाव किया है। इससे उनकी बॉलिंग स्पीड भी बढ़ी है। टीम इंडिया वापसी के सवाल पर उनका कहना है मैं सिर्फ बेहतर प्रदर्शन करने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।

**हार्दिक पंड्या कप्तानी के साथ ही बल्ले से दमदार प्रदर्शनः** हार्दिक पंड्या ने इस आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी के साथ ही बल्ले और बॉल दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया है। हार्दिक ने 5 मैच में 76 की औसत से 228 रन बनाए हैं।

**फिर से रंग में लौटा चाइनामैनः** इस आईपीएल में कुलदीप यादव का प्रदर्शन शानदार रहा है। सीजन के पहले मैच में कुलदीप ने 18 रन देकर 3 विकेट झटके थे। कुलदीप अब तक 5 मैच में 14.73 के एवरेज से 11 विकेट झटके हैं।

# तब रोहित बढ़ाया था हौंसला, कहा रन बनाते रहो जल्द देश के लिए खेलोगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विराट कोहली के टीम इंडिया की कप्तानी छोड़ने के बाद रोहित शर्मा ने पिछले साल नवंबर में जिम्मेदारी संभाल ली थी। कप्तान बनने के बाद से रोहित शर्मा के प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। मैदान पर कप्तान के रूप में रोहित शर्मा जो आत्मविश्वास और सूझबूझ दिखाते हैं, उससे कोई भी इनकार नहीं कर सकता है। रोहित की तारीफ उनके साथी खिलाड़ी भी करते हैं। टीम इंडिया में मिडिल ऑर्डर बैटर सूर्य कुमार यादव ने रोहित शर्मा को लेकर कई बातें शेयर की हैं। सूर्य कुमार यादव ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि साल 2020 में जब वह टीम इंडिया में नहीं चुने गए थे तब उस समय रोहित शर्मा ने किस तरह से उनका हौसला बढ़ाया था।



**टीम इंडिया की कैप ज्यादा दूर नहीं:** सूर्य कुमार ने बताया कि साल 2020 में उन्होंने आईपीएल में 480 रन बनाए थे। क्रिकेट के जानकारों के साथ ही उन्हें भी पूरी उम्मीद थी कि वह ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम में शामिल किए जाएंगे। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। इससे सूर्य कुमार यादव पूरी तरह से निराश हो गए थे। ऐसे में रोहित ही थे जिन्होंने ना सिर्फ उन्हें सपोर्ट किया बल्कि उनका हौसला भी बढ़ाया। सूर्य कुमार यादव ने कहा, 2020 में उस दिन मेरा बर्थडे था और रोहित ने मुझसे कहा जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। तुम कड़ी मेहनत करते रहो। तुम इंडिया कैप से ज्यादा दूर नहीं हो। सूर्य कुमार यादव ने कहा कि रोहित ने हमेशा मेरे सपोर्ट किया। उन्होंने मुझसे कहा, रन बनाते रहो। उस दरवाजे को (टीम इंडिया में एंट्री) खटखटाते रहो और अगर वह नहीं खुलता तो उसे तोड़ दो। सूर्य कुमार ने कहा कि इस तरह से वह पूरी तरह से मेरे साथ रहे।

सूर्य कुमार यादव ने कहा कि जिस तरह से आईपीएल शुरू हुआ और जिस तरह से चल रहा था, तब दौरे के लिए 2–3 टीमों की घोषणा की गई और मैं उनमें नहीं था।

## पर्पल कैप की रेस में नंबर वन पर बने हुए हैं युजवेंद्र चहल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। सभी टीमों ने 5 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इस सीजन में अब तक हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 128 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। फिलहाल इस सूची में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा है। वर्तमान में इस सूची में युजवेंद्र चहल का कब्जा है। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ मैच में 5 विकेट लेकर अपने विकटों की संख्या को 17 तक पहुंचा दिया है और अब नंबर वन और नंबर टू में 5 विकेटों का बड़ा अंतर है जो दिन ब दिन बढ़ता जाएगा। दूसरे नंबर पर लगातार चार मैच जीत चुकी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के गेंदबाज टी नटराज हैं जिसके खाते में 6 मैचों में 12 विकेट हैं। तीसरे नंबर पर दिल्ली का गेंदबाज कुलदीप यादव है। उन्होंने 5 मैचों में 11 विकेट अपने नाम किए हैं।

## न्यूज डायरी :



## कोमा से बाहर आए नीदरलैंड के कोच कैंपबेल, अब भी आईसीयू में एडमिट रहेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। नीदरलैंड की मेन्स क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर रेयान कैंपबेल अब कोमा से बाहर हैं, लेकिन दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें अब भी यहां के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रखा गया है। शनिवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद 50 वर्षीय कैंपबेल को आईसीयू में भर्ती कराया गया था। ब्रिटेन में अपने परिवार के साथ रह रहे कैंपबेल को सीने में दर्द और सांस लेने में कठिनाई महसूस हुई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कैंपबेल के भाई मार्क के पर्थ रेडियो को दिये गये बयान के आधार पर कहा कि डॉक्टरों के अनुसार मस्तिष्क को किसी तरह की क्षति पहुंचने का कोई सबूत नहीं है। मार्क कैंपबेल ने आईसीसी के बयान में कहा, ''वह नीम बेहोशी से बाहर निकल आये हैं। अब चिकित्सक यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके दिल में क्या खराबी है।''

## आरेंज कैप की लिस्ट में टाप पर बने हुए हैं जोस बटलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में एक से बढ़कर एक मुकाबले खेले जा रहे है। दिल्ली को छोड़कर सभी टीमों ने 6 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इस दौरान रनों ही बौछार देखने को मिली है। बल्लेबाजों के बीच टाप पर बने रहने की जंग चल रही है। आरेंज कैप की रेस में कई धुरंधर शामिल हैं। राजस्थान के जोस बटलर का बल्ला हल्ला बोल रहा है तो केएल राहुल, हार्दिक पांड्या और शुभमन गिल भी किसी से पीछे नहीं हैं। सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में बटलर लगातार सबको मात देते हुए पहले नंबर पर चल रहे हैं। कोलकाता के खिलाफ मैच में उन्होंने इस सीजन का दूसरा शतक लगाकर अपने रनों की संख्या को 375 कर लिया है। अब उनके खाते में 6 मैचों में 375 रन हो गए हैं। दूसरे नंबर पर लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने जगह बना लिया। उनके खाते में 7 मैचों में 265 रन हो गए हैं। लखनऊ के खिलाफ 96 रनों की शानदार पारी खेलने वाले फाफ डु प्लेसिस तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

## लखनऊ की टीम को एक और झटका कप्तान केएल राहुल पर लगा जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। डीवाई पाटिल स्टेडियम में बैंगलोर के खिलाफ मैच में लखनऊ की टीम को हार के साथ–साथ एक और झटका लगा है। दरअसल टीम के कप्तान केएल राहुल को आईपीएल कोड आफ कंडक्ट को तोड़ने का दोषी पाया गया है। इसके बाद उन पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। केएल राहुल ने इस अपराध को स्वीकार कर लिया है। हालांकि लखनऊ के आलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को भी इस अपराध का दोषी पाया गया है लेकिन फिलहाल उनपर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है। उन्हें बस फटकार लगाई गई है। स्टोइनिस ने लेवल 1 का अपराध स्वीकार कर लिया है। लेवल 1 अपराध के लिए मैच रेफरी के फैसले को ही अंतिम फैसला माना जाता है। इससे पहले मुंबई के खिलाफ मैच में लखनऊ के कप्तान पर स्लो ओवर रेट के कारण भी जुर्माना लगाया गया था। वहां उनपर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया था।

## आईपीएल के इस सीजन का सबसे बड़ा फिनिशर दिनेश कार्तिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के लिए आइपीएल 2022 का ये सीजन अब तक बेहतरीन रहा है। वे इस सीजन आरसीबी के लिए सबसे बड़े फिनिशर के रोल में दिखे हैं। उन्होंने अब तक 7 मैच खेले हैं और बेहतरीन औसत और 210 की स्ट्राइक रेट से 210 रन बनाए हैं। इससे भी खास बात ये है कि उनकी पारी से टीम को जीत मिली है। उनके फिनिशर के रोल को इस तरह से समझ सकते हैं कि अब तक खेले गए 7 मैचों में केवल एक बार चेन्नई के खिलाफ वे आउट हुए हैं। पंजाब के खिलाफ मैच में उन्होंने 14 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली थी लेकिन टीम को यहां हार का सामना करना पड़ा था।